विभागाध्यक्ष

भूगोल विभाग
सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर
e-mail:geography@mlsu.ac.in

क्र.मोलासुवि / भूगोल / प्रशा / 2024–25 / 247 दिनांक : 02.09.2024

अधिसूचना

Revised

भूगोल विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में M.A./M.Sc. प्रथम सेमेस्टर (CBCS) कार्यक्रम में प्रथम काउन्सलिंग में रिक्त रही नियमित (SC, ST, MBC, एवं EWS) एवं 19 पेमेंट सीटों पर ऑफलाइन काउंसलिंग **दिनांक 10.09.2024 को प्रातः 10:00 बजे 3:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस काउन्सलिंग में दिनांक 27.08.2024 को अनुपस्थित रहे पूर्व आवेदक भी भाग ले सकते हैं।** नवीन अभ्यर्थियो हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 06.09.2024 तक आवेदन किया जा सकता है।

''बी.एड कर रहे अभ्यर्थी जिनका रिजल्ट जारी नहीं हुआ है वे परीक्षा शाखा से इस संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त कर काउन्सलिंग में provisional प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते हैं। उनका प्रवेश अंतिम रिजल्ट के अधीन रहेगा।

सभी आवेदक निम्नलिखित तथ्यों पर ध्यान दे:

1. सभी अभ्यर्थी को प्रातः 09:30 बजे भूगोल विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज करें।
2. यदि कोई अभ्यार्थी समय पर काउंसलिंग के लिए उपस्थित नहीं होता है तो प्रवेश के लिए उसका दावा सीटों की उपलब्धता के अंधीन होगा।
3. सभी अभ्यथियों को ऑनलाइन जमा किए गए फार्म की हार्ड कॉपी का प्रिंट एवं संलग्न सभी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों को साथ लाना होगा।
4. काउन्सलिंग के समय प्रवेश के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्य रूप से लेकर आएँ:
   - सत्यापन के लिए **मूल दस्तावेज** जिसमें अंकतालिकाएँ, प्रमाण–पत्र, आरक्षण एवं Weightage लाभ प्राप्त करने हेतु दस्तावेज (यदि कोई हो) सम्मिलित है।
   - MBC एवं EWS वर्ग के तहत आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवारों को इस संबंध में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
   - अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए मान्य है। किन्तु अभ्यर्थी द्वारा दस रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर यह घोषणा की जाती है कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति में परिवर्तन नहीं आया है तो यह प्रमाण पत्र दो वर्ष अतिरिक्त के लिए मान्य हो सकेगा।
   - प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किए गए मूल चरित्र प्रमाण–पत्र, और गैप प्रमाण–पत्र (यदि कोई हो) प्रस्तुत करना होगा।
   - प्रवेश के समय सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किए गए स्थानान्तरण प्रमाण– पत्र, माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

- तृतीय लिंग अभ्यर्थी के पास जिला प्रशासन द्वारा जारी पहचान पत्र होना चाहिए।
- कोराना से मृत्यु प्राप्त अभिभावक का तत्संबंधी चिकित्सा प्रमाण पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/कोविड–19 कोष से प्राप्त सहायता प्रमाण पत्र होना चाहिए। इस श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रवेश निःशुल्क होगा। तथा छात्रावासों में भी निःशुल्क प्रवेश होगा।

5. **अस्थायी मेरिट सूची दिनांक 09.09.2024 को अपराह्न 02 बजे वेबसाइट एवं विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दी जाएगी।**
6. स्ववित्तपोषित सीटों का प्रवेश शुल्क नियमित शुल्क के अतिरिक्त 10000/– प्रतिवर्ष है।
7. प्रवेश शुल्क काउंसलिंग के तुरंत बाद दिनांक 10.09.2024 को ही जमा किया जाएगा।
8. जारी की गयी अस्थायी मेरिट सूची को लेकर यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो संबंधित दस्तावेजों के साथ दिनांक 10.09.2024 को ही प्रातः 10.30 बजे प्रवेश समिति से संपर्क करें।
9. विश्वविद्यालय आदेश No.F.24/SC/ST CELL/MLSU/24/54 दिनांकित 5/6-05-2024 की अनुपालना में SC/ST अभ्यथियों हेतु 16 % एवं 12 % सीटे आरक्षित रहेंगी एवं उपलब्ध सीटों पर अर्हताकारी परीक्षा में न्यूनतम पास अंको पर प्रवेश दिया जा सकता है।
10. निम्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों को आउटराईट एवं न्यूनतम प्रवेशांक पर प्रवेश देय होगा ।

(i) तृतीय लिंग (Transgender) अभ्यर्थियों को सहशिक्षा महाविद्यालय में न्यूनतम् उत्तीर्णाक पर निर्धारित सीटों से अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश देय होगा।

(ii) ऐसे अभ्यर्थी जिनके माता/पिता अथवा पति की मृत्यु कोरोना से हुई हो को न्यूनतम् उत्तीर्णाक पर निर्धारित सीटों से अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश देय होगा।

(iii) भारांक समिति द्वारा आउटराईट घोषित खिलाड़ियों को अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश देय होगा।

(iv) दिव्यांग अभ्यर्थियों में यदि कोई मूक/बधिर/दृष्टि बाधितार्थ है तो न्यूनतम् प्रवेशांक पर प्रवेश होगा तथा यह सीटें अतिरिक्त मानी जायेगी। इस श्रेणी के अन्य अभ्यथियों को आरक्षण क्षैतिजिक रूप से देय होगा अर्थात् ऐसी सीट अभ्यर्थी के मूल वर्ग (SC/ST/OBC-NCL/GEN) में से कम की जायेगी।

विभागाध्यक्ष

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः

3. श्रीमान् अधिष्ठाता, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्याल, उदयपुर।
4. प्रभारी, इंटरनेट केंद्र, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नोटिस अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
3. समन्वयक, SUMS, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
4. रक्षित पत्रावली।

विभागाध्यक्ष
HEAD
DEPARTMENT OF GEOGRAPHY
U.C.S.S.H. M.L. SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR (Rajasthan)